सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **366**
14/04/2026

राज्यपाल ने डॉ० भीमराव अम्बेदकर की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 14 अप्रैल, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने भारत रत्न बाबासाहेब डॉ० भीमराव अम्बेदकर की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटना हाई कोर्ट के पश्चिम में अवस्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, कई मंत्रीगण, जन–प्रतिनिधिगण तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी डॉ० भीमराव अम्बेदकर को श्रद्धांजलि दी।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया। देशभक्ति गीत तथा बिहार गीत भी प्रस्तुत किए गए।

....